BSES
BSES Yamuna Power Limited
a joint venture with GONCTD

संवाद

www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

जुलाई - 2021

बारिश के दिनों में निम्नलिखित टिप्स अपनाएं, सुरक्षित रहें

मॉनसून एक बार फिर दस्तक दे रहा है। उमंग और उल्लास के साथ–साथ मॉनसून अपने साथ कुछ समस्याएं भी लाता है और इस सीजन में वॉटर लॉगिंग के कारण बिजली से संबंधित दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन, कुछ सावधानियां बरतकर आप खुद को और अपने प्रियजनों को सुरक्षित रख सकते हैं और इस तरह, दुर्घटना–मुक्त मॉनसून को सुनिश्चित किया जा सकता है।

- बिजली के पोल, सब–स्टेशन, टांसफॉर्मर, स्ट्रीट लाइट समेत बिजली के सभी उपकरणों से दूर रहें
- बच्चों को जागरूक करें कि वे बिजली उपकरणों/ इंस्टलेशंस के पास न खेलें, अगर इन चीजों को बेरिकेड किया गया हो, तो भी
- घर के अंदर या कहीं भी, बिजली से चलने वाले सामान/उपकरणों को गीले हाथों से न छुएं
- अपने घर पर एक टेस्टर रखें। यदि कोई स्विच या आपके घर की दीवार गीली हो, तो इसे न छुएं। पहले टेस्टर से चेक कर लें कि कहीं उनमें करंट तो नहीं आ रहा है। जरूरत हो, तो अपने इलेक्ट्रिशियन को कॉल करें।
- बिजली के झटकों व दुर्घटनाओं से बचने के लिए ईएलसीबी यानी अथ लीकेज सर्किट ब्रेकर लगवाएं।

फीडबैक
अपने फीडबैक व सुझाव भेजें: कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय: शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–110032
सीआईएन: CIN:U40109DL2001PLC111525, फोन: 11-4124-7111/4124-9273
ईमेल: bypl.feedback@relianceada.com, वेबसाइट: www.bsesdelhi.com

जनहित में बिजली मीटर से संबंधित जरूरी सलाह

आपका बिजली का मीटर सुरक्षित है, लेकिन याद रखें कि यह एक जटिल उपकरण है। इसलिए, इससे संबंधित कुछ सावधानियां जरूरी हैं। जनहित में जारी बीएसईएस की सलाहों पर अमल करके आप खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते हैं:

- अपने बिजली मीटर के आसपास कोई भी इलेक्ट्रिकल या मैकेनिकल सामान न रखें
- जिस जगह पर मीटर लगा है, वह साफ हो और वहां कूड़ा–कचरा तथा कोई भी ज्वलनशील पदार्थ न रखा हो। मीटर तक पहुंच आसान होनी चाहिए। रास्ते को जाम न रखें।
- मीटर या किसी भी बिजली उपकरण के पास अपने वाहन पार्क न करें क्योंकि इससे वह क्षेत्र असुरक्षित होगा और आग लगने की स्थिति में वाहन का ईंधन आग को बढ़ाएगा। इन उपकरणों को अतिक्रमण–मुक्त भी रखा जाए।
- उपभोक्ताओं को यह ध्यान रखना चाहिए कि जिन जगहों पर मीटर लगे हुए हैं, वहां हवा का सामान्य प्रवाह होने दें और वहां किसी भी प्रक्रिया के तहत दूषित चीजें व एग्जॉस्ट गैसें न हों क्योंकि इनसे आग लगने की आशंका हो सकती है।

कोविड - 19 से लगातार सावधान रहना है जरूरी!

प्रतिबंधों में एक बार फिर ढील दिये जाने का मतलब यह नहीं है कि अब कोविड से हमें खतरा नहीं है। कोविड से सुरक्षा के जो उपाय कुछ माह पहले सही थे, वे अब भी हमारा सुरक्षा कवच हैं। पूर्ण सुरक्षा के लिए वैक्सीनेशन के बाद भी सावधानियां बरतें।

मोबाइल ऐप, टोल फ्री और हेल्पलाइन नंबरों जैसे सुविधाजनक माध्यमों से बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराएं

Available on the App Store | Available on the Android Market

टॉल फ्री 24x7	19122
एसएमएस	5616108
बिजली चोरी संबंधी	8588892156
बिजली गुल की शिकायत	8745999808
स्ट्रीटलाइट	41999808

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032 के लिए फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122050 द्वारा मुद्रित